# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)

Vidyarthi Vigyan Manthan ( VVM)

(भावी भारत के लिए डिजिटल-आधारित तथा सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा)



www.vvm.org.in



# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)

Vidyarthi Vigyan Manthan ( VVM)

(भावी भारत के लिए डिजिटल-आधारित तथा सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा)

# भविष्य निर्माण
## विज्ञान प्रतिभा का उत्सव

विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) विज्ञान भारती  (विभा) की एक पहल है, जिसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक संस्था है, और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), जो संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, के सहयोग से संचालित किया जाता है।

वीवीएम कक्षा VI से XI तक के विद्यार्थियों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के शब्दों में "प्रतिभावान विद्यार्थियों" की पहचान करना है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन का अंतर्राष्ट्रीय संस्करण
## (शास्त्र प्रतिभा प्रतियोगिता)

**विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)** का **अंतर्राष्ट्रीय संस्करण** मध्य पूर्व देशों — बहरीन, कुवैत, ओमान, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात — में **" शास्त्र प्रतिभा प्रतियोगिता"** के नाम से आयोजित किया जाता है। यह प्रतियोगिता विज्ञान भारती की एक प्रवासी इकाई **साइंस इंडिया फोरम** द्वारा संचालित की जाती है।

इस वर्ष से, **कक्षा VI से XI** तक के **शीर्ष** के **2 विद्यार्थी** (शास्त्र प्रतिभा प्रतियोगिता के) **राष्ट्रीय स्तर** की **शिविर परीक्षा** में भी भाग लेंगे। इन विद्यार्थियों को **राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं (हिमालयन)** के चयन हेतु पात्र माना जाएगा।

मध्य पूर्व देशों के लिए एक **अलग क्षेत्र (क्षेत्र 5)** बनाया जाएगा, जिसमें **क्षेत्रीय स्तर के विजेताओं** की घोषणा की जाएगी। **क्षेत्र 5 के विजेताओं की घोषणा केवल तभी की जाएगी जब कम से कम 6 विद्यार्थी** (एक कक्षा में) **राष्ट्रीय स्तर के शिविर में उपस्थित हों।**

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) के उद्देश्य:

- विद्यार्थियों में मूलभूत विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना।
- विद्यार्थियों को भारत के पारंपरिक और आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में योगदान के बारे में जागरूक करना।
- कार्यशालाओं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देना।
- वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले विद्यार्थियों की पहचान के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करना।
- विज्ञान के क्षेत्र में आगे शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने हेतु मार्गदर्शक प्रदान करना।
- राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफल विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना।
- विजेता विद्यार्थियों के लिए देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास (R&D) संस्थानों का शैक्षिक भ्रमण आयोजित करना।
- अपनी अनूठी विशिष्ट शैक्षिक योग्यता परीक्षा के माध्यम से वैज्ञानिक अभिरुचि पहचानना एवं उसे पोषित करना।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) की संरचना:

**विद्यार्थी विज्ञान मंथन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को निम्नलिखित बहु-स्तरीय परीक्षण प्रक्रियाओं से गुजरना होगा:**

- **वस्तुनिष्ठ बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर (MCQs)**
- **भूमिका निभाना (Role Play)**
- **विस्तृत लेखन**
- **प्रयोगात्मक परीक्षा**
- **प्रस्तुति एवं समूह चर्चा**
- **विभिन्न वैज्ञानिक आयाम आदि**

**विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)** के विजेताओं के लिए कार्यक्रम में राष्ट्रीय विज्ञान प्रयोगशालाओं, प्रतिष्ठित केंद्रों में शैक्षिक भ्रमण और देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिकों से संवाद भी शामिल है।

**विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)** राष्ट्रीय स्तर पर **विज्ञान जिज्ञासु (Vigyan Jigyasu)** - विज्ञान के प्रति गहरी रुचि रखने वाले जिज्ञासु विद्यार्थियों की भी पहचान करेगा।

प्रत्येक विद्यार्थी का मूल्यांकन विद्यालय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उसकी कक्षा के साथियों की तुलना में किया जाएगा।

# विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा : (कक्षावार): चरण – I

चरण - I की विद्यालय स्तरीय परीक्षा 1 घंटा 30 मिनट की अवधि की होगी, जिसमें 100 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे – प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। परीक्षा दो खंडों में होगी:

- **खंड-ए (40 प्रश्न):** "विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान" और "डॉ. सत्येंद्र नाथ बोस की जीवन गाथा" (विज्ञान भारती द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी) अध्ययन सामग्री पर आधारित प्रश्न।
- **खंड-बी (60 प्रश्न)**: वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी एवं विभिन्न राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम आधारित) और तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (किसी भी उपलब्ध स्रोत से) पर आधारित प्रश्न।

चरण - I की विद्यालय स्तरीय परीक्षा कक्षावार आयोजित की जाएगी। हर स्तर पर विद्यार्थियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा **अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, ओड़िया, असमिया, संस्कृत और उर्दू (मुख्य क्षेत्रीय भाषाओं)** में आयोजित की जाएगी।

यदि दी गई किसी भाषा (अंग्रेजी या हिंदी को छोड़ कर) में 100 से कम विद्यार्थी पंजीकृत होते हैं, तो उनके लिए प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी या हिंदी में ही उपलब्ध होगा।





**| योग्यता मापदंड |**

यदि कोई विद्यार्थी खंड-ए में 50% या अधिक (अर्थात 20 अंक या अधिक) प्राप्त करता है, तभी उसके खंड-बी के उत्तर जांचे जाएंगे।

| विषयवस्तु | कक्षा VI, VII, VIII, IX, X, XI | |
|---|---|---|
| प्रश्नों की संख्या | 100 | |
| अंक | 100* | |
| प्रश्नों की संरचना | बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर (प्रत्येक 1 अंक) | |
| खंड | खंड-ए | 40 प्रश्न — 1) विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान एवं 2) डॉ. सत्येन्द्र नाथ बोस की जीवन गाथा |
| | खंड-बी | 60 प्रश्न — 1) वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी तथा विभिन्न राज्य बोर्डों की पाठ्यपुस्तकों से सम्बंधित, विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए वीवीएम वेबसाइट देखें) एवं 2) तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (किसी भी उपलब्ध स्रोत से) |
| समय अवधि (90 मिनट) | खंड-ए | 30 मिनट (40 प्रश्न, 40 अंक) |
| | खंड-बी | 60 मिनट (60 प्रश्न, 60 अंक) |
| योग्यता मापदंड | | खंड-बी के उत्तर तभी जांचे जाएंगे जब विद्यार्थी खंड-ए में कम से कम 50% अंक (अर्थात् 20 या अधिक अंक) प्राप्त करता है। |

# परीक्षा का पाठ्यक्रम:

| विषयवस्तु | योगदान (%) | पाठ्यक्रम स्रोत |
|---|---|---|
| विज्ञान और गणित (एनसीईआरटी एवं राज्य बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों से) | 50% (50 प्रश्न) [प्रत्येक का 1 अंक] | वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी एवं विभिन्न राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम आधारित)। विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए वीवीएम वेबसाइट देखें। |
| विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान | 20% (20 प्रश्न) [प्रत्येक का 1 अंक] | विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) अध्ययन सामग्री |
| डॉ. सत्येंद्र नाथ बोस की जीवन गाथा | 20% (20 प्रश्न) [प्रत्येक का 1 अंक] | विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) अध्ययन सामग्री |
| तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता | 10% (10 प्रश्न) [प्रत्येक का 1 अंक] | सामान्य अध्ययन |

**महत्वपूर्ण सूचना:**

- डिजिटल प्रारूप में अध्ययन सामग्री 16 अगस्त 2025 से उपलब्ध होगी। कोई प्रकाशित सामग्री नहीं दी जाएगी।
- परीक्षा से 45 दिन पहले अध्ययन सामग्री का डिजिटल प्रारूप (पीडीएफ) उपलब्ध होगा। कोई प्रकाशित सामग्री नहीं दी जाएगी।
- **प्राप्त अंकों की जानकारी:** परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद, विद्यार्थियों के अंक उनके डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगे। छात्र अपने **विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)** खाते में लॉगिन कर इसे देख सकते हैं और प्रतिभागिता प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): चरण – II

चरण-II की विद्यालय स्तरीय परीक्षा 45 मिनट की अवधि की होगी, जिसमें 50 बहुवैकल्पिक प्रश्न होंगे जिनमें प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सही उत्तर हो सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा तथा गलत उत्तर पर 0.5 अंक की कटौती (ऋणात्मक अंकन) होगी।

**परीक्षा दो खंडों में होगी:**

- **खंड- ए (15 प्रश्न):** "विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान" और "डॉ. सत्येंद्र नाथ बोस की जीवन गाथा" (विज्ञान भारती द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी) अध्ययन सामग्री पर आधारित प्रश्न।
- **खंड- बी (35 प्रश्न):** वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी एवं विभिन्न राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम आधारित) और तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (किसी भी उपलब्ध स्रोत से) पर आधारित प्रश्न।




चरण - II की परीक्षा परिस्थितिजन्य समस्याओं तथा क्षमता-आधारित प्रश्नों पर केंद्रित होगी तथा इसका ऑनलाइन निरीक्षण भी किया जाएगा। यह परीक्षा भी कक्षावार आयोजित की जाएगी।

हर स्तर पर विद्यार्थियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाएगा। परीक्षा **अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, ओड़िया, असमिया, संस्कृत** और **उर्दू** (मुख्य क्षेत्रीय भाषाओं) में आयोजित की जाएगी।

| विषयवस्तु | कक्षा VI, VII, VIII, IX, X, XI | |
|---|---|---|
| प्रश्नों की संख्या | 50 | |
| अंक | 100* | |
| ऋणात्मक अंकन | हाँ, प्रत्येक ग़लत उत्तर पर -0.5 अंक | |
| प्रश्नों की संरचना | बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर जिनमें प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सही उत्तर हो सकते हैं (प्रत्येक के 2 अंक) | |
| खंड | खंड-ए | 15 प्रश्न — 1) विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान एवं 2) डॉ. सत्येन्द्र नाथ बोस की जीवन गाथा |
| | खंड-बी | 35 प्रश्न — 1) वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी तथा विभिन्न राज्य बोर्डों की पाठ्यपुस्तकों से सम्बंधित, विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए वीवीएम वेबसाइट देखें) एवं 2) तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता (किसी भी उपलब्ध स्रोत से) |
| समय अवधि (45 मिनट) | खंड-ए | 10 मिनट (15 प्रश्न, 30 अंक) |
| | खंड-बी | 35 मिनट (35 प्रश्न, 70 अंक) |
| अंकन योजना | खंड-ए | विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान : 10 प्रश्न (20 अंक); डॉ. सत्येन्द्र नाथ बोस की जीवन गाथा : 5 प्रश्न (10 अंक) |
| | खंड-बी | भौतिक विज्ञान : 8 प्रश्न (16 अंक); रसायन विज्ञान: 7 प्रश्न (14 अंक) गणित : 8 प्रश्न (16 अंक); जीव विज्ञान : 7 प्रश्न (14 अंक); तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता : 5 प्रश्न (10 अंक) |

* राज्य स्तरीय शिविर हेतु प्रतिभागियों की अंतिम योग्यता सूची, विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा स्तर-II के दोनों खंडों, खंड-ए एवं खंड-बी, में प्राप्त समग्र अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी। किसी भी प्रतिभागी के समग्र अंकों में समता होने पर, खंड-ए में प्राप्तांक निर्णायक कारक होंगे।

# परीक्षा का पाठ्यक्रम:

| विषयवस्तु | योगदान (%) | पाठ्यक्रम स्रोत |
|---|---|---|
| विज्ञान और गणित (एनसीईआरटी एवं राज्य बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों से) | 60% (30 प्रश्न) [प्रत्येक के 2 अंक] | वीवीएम पाठ्यक्रम (एनसीईआरटी एवं विभिन्न राज्य बोर्डों के पाठ्यक्रम आधारित)। विस्तृत पाठ्यक्रम के लिए वीवीएम वेबसाइट देखें। |
| विज्ञान के क्षेत्र में भारत का योगदान | 20% (10 प्रश्न) [प्रत्येक के 2 अंक] | विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) अध्ययन सामग्री |
| डॉ. सत्येंद्र नाथ बोस की जीवन गाथा* | 10% (5 प्रश्न) [प्रत्येक के 2 अंक] | विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) अध्ययन सामग्री |
| तर्कशक्ति एवं विश्लेषणात्मक क्षमता** | 10% (5 प्रश्न) [प्रत्येक के 2 अंक] | सामान्य अध्ययन |

**महत्वपूर्ण सूचना:**

*   डिजिटल प्रारूप में अध्ययन सामग्री 16 अगस्त 2025 से उपलब्ध होगी। कोई प्रकाशित सामग्री नहीं दी जाएगी।

**   परीक्षा से 45 दिन पहले अध्ययन सामग्री का डिजिटल प्रारूप (पीडीएफ) उपलब्ध होगा। चरण – I के जैसे ही कोई प्रकाशित सामग्री नहीं दी जाएगी।

**प्राप्त अंकों की जानकारी:** परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद, विद्यार्थियों के अंक उनके डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगे। छात्र अपने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) खाते में लॉगिन कर इसे देख सकते हैं और प्रतिभागिता प्रमाणपत्र / मेधा प्रमाणपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय शिविर (एसएलसी) चरण–III

प्रत्येक राज्य से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 25 विद्यार्थियों को एक अथवा दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर (एसएलसी) में भाग लेने के लिए चुना जाएगा। यह शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा।


राज्य स्तरीय शिविर में अनुप्रयोग-उन्मुख बहुवैकल्पिक प्रश्न, प्रायोगिक गतिविधियां, अवलोकन एवं विश्लेषण, परिस्थितिजन्य समस्या के समाधान की क्षमता तथा अन्य गतिविधियों की श्रृंखला शामिल होगी। परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की संख्या, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक समानता तथा विद्यार्थियों की सुविधा के आधार पर राज्यों को एक साथ जोड़ा जा सकता है।

चयनित विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए यात्रा व्यय स्वयं उठाना होगा। इस हेतु कोई यात्रा सहायता प्रदान नहीं की जाएगी। शिविर स्थल एवं अन्य विवरण वेबसाइट पर अपडेट किए जाएंगे तथा संबंधित राज्य समन्वयक द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को सूचित किया जाएगा।

**परिणाम की जानकारी:** परिणाम घोषित होने के उपरांत एक सप्ताह बाद विद्यार्थियों के अंक उनके डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थी अपने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) खाते में लॉगिन कर उनको देख सकते हैं।

**टाई ब्रेकर:** रैंकिंग में टाई होने की स्थिति में विद्यार्थियों को तीन प्रश्नों के मौखिक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा तथा सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाला विद्यार्थी विजेता घोषित किया जाएगा।







# राष्ट्रीय शिविर (एनसी) चरण–IV

राज्य स्तरीय शिविर के विजेता विद्यार्थियों में से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 2 विद्यार्थियों, अर्थात् प्रत्येक राज्य से कुल 12 विद्यार्थियों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर (एनसी) में प्रायोगिक कौशल परीक्षणों के अतिरिक्त प्रस्तुतियां; वैज्ञानिक समझ, नवाचार, रचनात्मकता, सीमाओं से परे चिंतन एवं नेतृत्व क्षमता के आकलन हेतु विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी।

चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने हेतु यात्रा व्यय स्वयं उठाना होगा। आयोजकों द्वारा मात्र आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। शिविर स्थल एवं अन्य विवरण की सूचना संबंधित राज्य समन्वयक द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

**परिणाम की जानकारी:** परिणाम घोषित होने के उपरांत एक सप्ताह बाद विद्यार्थियों के अंक उनके डैशबोर्ड पर उपलब्ध होंगे। विद्यार्थी अपने विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) खाते में लॉगिन कर उनको देख सकते हैं।

**टाई ब्रेकर:** रैंकिंग में टाई होने की स्थिति में विद्यार्थियों को तीन प्रश्नों के मौखिक साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा तथा सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाला विद्यार्थी विजेता घोषित किया जाएगा।

# विद्यार्थी पुरस्कार:

| चरण | नाम | चयन | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| **चरण – I** | चरण – II के लिए चयन | सभी सफल प्रतिभागी विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा: चरण-II में भाग लेने के पात्र होंगे। | प्रतिभागिता प्रमाणपत्र<br>प्रमाणपत्र ऑनलाइन ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रतिभागी विद्यार्थी हमारी वेबसाइट पर अपने प्रोफाइल पृष्ठ में लॉगिन करके इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। इनकी कोई मुद्रित प्रति उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। |
| **चरण – II** | विद्यालय विजेता | प्रत्येक कक्षा से शीर्ष के 3 विद्यार्थी विद्यालय विजेता होंगे (अर्थात प्रत्येक विद्यालय से 18 छात्र)। इस श्रेणी के लिए पात्रता प्राप्त करने हेतु संबंधित कक्षा में कम से कम 10 विद्यार्थियों का पंजीकरण आवश्यक है। | प्रतिभागिता प्रमाणपत्र / मेधा प्रमाणपत्र<br>प्रमाणपत्र ऑनलाइन ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रतिभागी विद्यार्थी हमारी वेबसाइट पर अपने प्रोफाइल पृष्ठ में लॉगिन करके इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। इनकी कोई मुद्रित प्रति उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। |
| **चरण – II** | जिला विजेता | प्रत्येक कक्षा के शीर्ष के 3 विद्यार्थी जिला विजेता होंगे (अर्थात प्रत्येक जिले से 18 छात्र)। [उस जिले के सभी विद्यालय मूल्यांकन का हिस्सा होंगे] | प्रतिभागिता प्रमाणपत्र / मेधा प्रमाणपत्र<br>• प्रमाणपत्र ऑनलाइन ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। प्रतिभागी विद्यार्थी हमारी वेबसाइट पर अपने प्रोफाइल पृष्ठ में लॉगिन करके इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। इनकी कोई मुद्रित प्रति उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी।<br>• कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को अगले सत्र की पंजीकरण प्रक्रिया में शुल्क में छूट प्रदान की जाएगी। कक्षा 11 के विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए 'साइंस इंडिया' पत्रिका की ई-कॉपी उपलब्ध करवाई जाएगी। |
| **चरण – III** | राज्य स्तरीय विजेता | प्रत्येक राज्य से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष के 25 विद्यार्थी राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। प्रत्येक कक्षा के शीर्ष के 3 विद्यार्थी राज्य विजेता होंगे (अर्थात प्रत्येक राज्य से 18 छात्र)।<br>इस वर्ष से शास्त्र प्रतिभा प्रतियोगिता के शीर्ष के 2 विद्यार्थी भी राष्ट्रीय शिविर में प्रतिभागिता करने के लिए मान्य होंगे। मध्य पूर्वी देशों से की घोषणा के लिए जोन-V का भी गठन किया गया है।<br>[राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से विजेताओं का चयन किया जाएगा]। | • प्रतिभागिता प्रमाणपत्र<br>• राज्य शिविर स्मारिका<br>• प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः रु. 5,000/-, रु. 3,000/- एवं रु. 2,000/- का नकद पुरस्कार<br>• राज्य स्तरीय शिविर में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को एनसीएसएम की निकटतम इकाई का निःशुल्क भ्रमण करने का अवसर मिलेगा। |
| **चरण – IV** | राष्ट्रीय स्तर विजेता | प्रत्येक राज्य के राज्य स्तर पर शीर्ष के 2 विद्यार्थी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेने के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।<br>प्रत्येक कक्षा में शीर्ष के 3 विद्यार्थी राष्ट्रीय विजेता होंगे, जिन्हें "हिमालयन" कहा जाएगा (अर्थात राष्ट्रीय स्तर पर 18 छात्र)।<br>प्रत्येक कक्षा में शीर्ष के 3 विद्यार्थी क्षेत्रीय विजेता (ज़ोनल विनर्स) भी होंगे (अर्थात प्रत्येक ज़ोन से 18 छात्र)। | • प्रतिभागिता प्रमाणपत्र<br>• राष्ट्रीय शिविर स्मारिका<br>• प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः रु. 25,000/-, रु. 15,000/- एवं रु. 10,000/- का नकद पुरस्कार<br>• एक वर्ष के लिए सृजन इंटर्नशिप एवं भास्कर छात्रवृत्ति<br>• प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक क्षेत्र के विद्यार्थियों को क्रमशः रु. 5,000/-, रु. 3,000/- एवं रु. 2,000/- का नकद पुरस्कार एवं सृजन प्रशिक्षण<br>• एनसीएसएम - इनोवेशन हब की वार्षिक सदस्यता मिलेगी। |
| **विद्यालय:** | 100 या अधिक छात्रों का पंजीकरण करने वाले विद्यालय, वैध प्रवेश टिकट के साथ यदि एनसीएसएम की इकाई का भ्रमण करते हैं, तो वे विशेष गतिविधि/ प्रदर्शनी का हिस्सा बन सकते हैं। | | |

# भविष्य निर्माण
## विज्ञान को आगे बढ़ाने में विद्यार्थियों की भूमिका



## सृजन (SRIJAN):

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 संस्करण, राष्ट्रीय (हिमालयन) और क्षेत्रिय विजेताओं को DRDO, ISRO, CSIR, BARC, IITs, IISERs, NITs आदि प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं एवं प्रमुख अनुसंधान संस्थानों में 1 से 3 सप्ताह की सृजन व्यापक प्रशिक्षण-सह-इंटर्नशिप में भाग लेने का अवसर प्रदान करेगा।


## भास्कर छात्रवृत्ति:

विद्यार्थी विज्ञान मंथन, राष्ट्रीय विजेताओं (हिमालयन) को एक वर्ष के लिए रु. 2000/- प्रति माह की भास्कर छात्रवृत्ति प्रदान करेगा। सृजन व्यापक प्रशिक्षण-सह-इंटर्नशिप के अंत में प्रत्येक हिमालयन को एक विशेष परियोजना/गतिविधि सौंपी जाएगी। विद्यार्थी मार्गदर्शन टीम द्वारा मूल्यांकन के आधार पर छात्रवृत्ति तिमाही रूप से जारी की जाएगी।

## पंजीकरण और परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी:

विद्यार्थी विज्ञान मंथन एक राष्ट्रीय स्तर की विशिष्ट ऐप आधारित विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है, जो ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाती है। पंजीकृत विद्यार्थी को अपने स्वयं के उपकरण जैसे स्मार्टफोन (मोबाइल), लैपटॉप या डेस्कटॉप से अपने घर पर ही परीक्षा देने की अनुमति होगी। परीक्षा केवल Windows और Android प्लेटफॉर्म पर ही आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय पूरे भारतवर्ष में समान रहेगा।

**पंजीकरण ऑनलाइन ही होगा।**



## (ए) विद्यार्थियों द्वारा व्यक्तिगत पंजीकरण:

- हम व्यक्तिगत पंजीकरण के लिए सुविधा प्रदान करते हैं।
- विद्यार्थी को अपना नाम, छायाचित्र, जन्मतिथि, पासवर्ड बनाना, कक्षा, विद्यालय का नाम, पता, जिला, राज्य आदि जैसी जानकारी भरनी होगी। इसके बाद, वीवीएम एडमिन द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी पर अलग-अलग OTP भेजकर सत्यापन किया जाएगा। दोनों OTP भिन्न होंगे और दोनों को दर्ज करना अनिवार्य होगा।
- इसके पश्चात विद्यार्थियों को ऑनलाइन भुगतान करने का विकल्प मिलेगा। वे भुगतान गेटवे का उपयोग करके शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के लिए विद्यार्थी को ₹200/- (दो सौ रुपये मात्र) का शुल्क देय होगा।
- पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, विद्यार्थी को एक विशिष्ट एकल उपयोगकर्ता नाम (ईमेल आईडी पर) एवं पासवर्ड (एन्क्रिप्टेड रूप में) प्रदान किया जाएगा।
- इस श्रेणी के तहत पंजीकृत विद्यार्थियों का मूल्यांकन उनके विद्यालय के जिला/जनपद एवं पंजीकरण में दर्ज पते के आधार पर किया जाएगा। विद्यालय का विवरण भरते समय विद्यार्थियों को अपने विद्यालय के जिले का ही चयन करना होगा।

## (बी) विद्यालय/संस्थान एवं विद्यार्थी पंजीकरण:

हम विद्यालय/संस्थान के माध्यम से विद्यार्थियों के सामूहिक पंजीकरण को प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय/संस्थान श्रेणी में पंजीकरण के लिए प्रति कक्षा कम-से-कम 10 विद्यार्थियों का पंजीकरण आवश्यक है।

### दिशा-निर्देश– I: विद्यालय/संस्थान परीक्षा समन्वयक की नियुक्ति

विद्यालय/संस्थान के प्रधानाचार्य/अधिकारी को एक परीक्षा समन्वयक नियुक्त करना होगा, जो आगे दिए गए दिशा-निर्देशों (दिशा-निर्देश – II एवं दिशा-निर्देश – III) के अनुसार विद्यालय/संस्थान एवं विद्यार्थियों का पंजीकरण करेगा।

### दिशा-निर्देश – II: विद्यालय/संस्थान का पंजीकरण

- विद्यालय/संस्थान का नाम, पता, प्रधानाचार्य का नाम, परीक्षा समन्वयक का नाम, विद्यालय में पदनाम ,मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आदि दर्ज करें। यह जानकारी वीवीएम वेबसाइट पर विद्यालय/संस्थान प्रोफाइल के रूप में प्रदर्शित होगी।
- वीवीएम एडमिन द्वारा पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी पर अलग-अलग OTP भेजकर सत्यापन किया जाएगा। दोनों OTP को दर्ज करना अनिवार्य होगा।



# अज्ञात की खोज

विद्यार्थी  शोध जो नवाचार को प्रेरित करता है

- सत्यापन पूरा होने के उपरांत, विद्यालय/संस्थान को एक विशिष्ट एकल रेफरल कोड प्रदान किया जाएगा, जो उनके डैशबोर्ड में लॉगिन करने के बाद दिखाई देगा। इसे व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करने वाले विद्यार्थियों के साथ सांझा किया जा सकता है।

## दिशा-निर्देश – III: विद्यालय/संस्थान से विद्यार्थियों का पंजीकरण

- परीक्षा समन्वयक अपने विद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों (जो वीवीएम ऑनलाइन परीक्षा देना चाहते हैं) को व्यक्तिगत श्रेणी में पंजीकरण करने एवं ₹200/- (केवल दो सौ रुपये) का शुल्क जमा करने के लिए कह सकते हैं। विद्यार्थियों को लॉगिन संबंधित जानकारी मिलने के बाद, वे अपने डैशबोर्ड पर यूनिक रेफरल कोड दर्ज कर सकते हैं। ऐसा करते ही, वे स्वचालित रूप से विद्यालय डैशबोर्ड में जुड़ जाएंगे।
- इसके अतिरिक्त परीक्षा समन्वयक के पास विद्यार्थियों को पंजीकृत करने के दो अन्य विकल्प होंगे:

  **ऑनलाइन:** एक-एक करके विद्यार्थियों का विवरण भरना।

  **ऑफलाइन:** न्यूनतम जानकारी (जैसे नाम, कक्षा, लिंग, ईमेल आईडी, फोन नंबर, परीक्षा की भाषा आदि) को प्रदत्त एक्सेल प्रारूप में भरना (इसका प्रारूप बदला नहीं जा सकता) ।
- यह जानकारी वेबसाइट पर विद्यार्थी की प्रोफाइल के रूप में प्रदर्शित होगी।
- सभी प्रविष्टियां पूरी होने के उपरांत डेटा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से ऑनलाइन अपलोड किया जा सकता है। यदि अपलोडिंग या डेटा सबमिशन सफल होता है, तो ही भुगतान करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा।
- विद्यालय श्रेणी के पंजीकरण हेतु न्यूनतम विद्यार्थियों (10 विद्यार्थी) को जोड़ने के पश्चात ही भुगतान विकल्प दिखाई देगा।
- भुगतान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। समन्वयक प्रत्येक छात्र से 200/- रुपये (दो सौ रुपये) ले सकते हैं। सीधे वीवीएम के खाते में शुल्क जमा करने वाले परीक्षा समन्वयकों से अनुरोध है कि ऐसा करते समय वह शुल्क की राशि की गणना 170/- रुपये प्रति विद्यार्थी के रूप में करें। उन्हें जमा पर्ची जिसमें लेनदेन आईडी, दिनांक एवं समय (.jpeg प्रारूप में) भी संभाल कर रखनी चाहिए। उनके डैशबोर्ड पर दिए गए वीवीएम ऑफ़लाइन भुगतान मोड विकल्प पर जमा पर्ची/रसीद अपलोड करने के 48 घंटे बाद ही शुल्क भुगतान की स्थिति अपडेट होगी।
- परीक्षा शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के बाद एवं भुगतान की स्थिति अपडेट होने के बाद ही, प्रत्येक विद्यार्थी का उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड उसकी पंजीकृत ईमेल पर भेज दिया जाएगा। परीक्षा समन्वयक के लिए विद्यार्थियों के उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड विवरण स्कूल के डैशबोर्ड पर भी उपलब्ध होंगे। उन्हें संबंधित विद्यार्थियों को ये विवरण वितरित करने होंगे। शुल्क भुगतान की स्थिति अपडेट होने पर ही विद्यार्थियों के लॉगिन क्रेडेंशियल कार्यशील होंगे।
- इसके बाद, परीक्षा समन्वयक का कार्य पूर्ण हो जाता है, जब तक कि किसी विद्यार्थी के विवरण में संशोधन की आवश्यकता न हो।

## चरण – IV: छात्र प्रोफाइल निर्माण

- पहली बार लॉगिन करने के उपरांत विद्यार्थियों को अपना पासवर्ड परिवर्तित करना होगा (यह अनिवार्य है)।
- लॉगिन करने के बाद विद्यार्थी अपनी प्रोफाइल पूरी कर सकते हैं। उन्हें प्रोफाइल फोटो, जन्मतिथि, पिता का नाम, माता का नाम, स्थायी पता आदि अपलोड करना होगा।
- परीक्षा की तिथि पूर्व निर्धारित होगी एवं उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। परीक्षा देने के लिए, विद्यार्थियों को अच्छी इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले उपकरण की व्यवस्था करनी होगी।
- विद्यार्थी को उसी उपकरण से अभ्याय परीक्षा देनी चाहिए जिससे वह परीक्षा देने की योजना बना रहा है (क्योंकि प्रत्येक उपकरण के लिए ऐप अलग-अलग होते हैं) ताकि वह अपने उपकरण के साथ परीक्षा ऐप की अनुकूलता की जांच कर सके।
- उस विद्यालय/संस्थान से पंजीकृत सभी विद्यार्थियों का विवरण विद्यालय/संस्थान के लॉगिन में उपलब्ध होगा। किसी विद्यार्थी की प्रोफ़ाइल में बदलाव करने का अधिकार केवल प्रधानाचार्य अथवा विद्यालय/संस्थान के परीक्षा समन्वयक के पास ही होगा।

## शुल्क संरचना:

1. व्यक्तिगत रूप से अथवा विद्यालय के माध्यम से पंजीकरण करने वाले विद्यार्थियों को ₹200/- (दो सौ रुपये मात्र) शुल्क देना होगा।
2. विद्यालय/संस्थान समन्वयक को प्रत्येक छात्र के शुल्क में से ₹30/- सेवा शुल्क के रूप में रखना होगा। शेष राशि केवल ऑनलाइन / ऑफलाइन भुगतान मोड से विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) दिल्ली कार्यालय में जमा करनी होगी। खाते से भुगतान के मामले में, कृपया रसीद एवं लेनदेन आईडी अपलोड करना सुनिश्चित करें तथा लेनदेन विवरण प्रस्तुत करें।

## उपकरण और इंटरनेट सुविधा

सभी विद्यार्थी अपने उपकरण और इंटरनेट कनेक्टिविटी का उपयोग करके अपने विद्यालय/घर से परीक्षा में सम्मिलित होंगे। विद्यार्थियों को समय-समय पर वीवीएम परीक्षा ऐप को अपडेट करना भी सुनिश्चित करना होगा। उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वे परीक्षा के लिए उसी उपकरण का उपयोग करें जिसका उपयोग उन्होंने अभ्याय परीक्षाओं में किया था। विद्यार्थियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उपकरण पूरी तरह चार्ज हो और ऐप सही तरीके से काम कर रहा हो।

## परीक्षा एप्लिकेशन (ऐप) डाउनलोड और इंस्टॉलेशन

पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, परीक्षा ऐप विद्यार्थी के प्रोफ़ाइल पेज में डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। ऐप केवल तभी इंस्टॉल और सही तरीके से कार्य करेगा जब इसे विद्यार्थी की प्रोफ़ाइल पेज से इच्छित उपकरण के ऑपरेटिंग सिस्टम के अनुसार डाउनलोड किया जाएगा। प्रोफ़ाइल पेज में ऐप डाउनलोड और इंस्टॉलेशन के लिए विस्तृत निर्देश उपलब्ध होंगे। किसी भी समस्या के मामले में सहायता अनुरोध लिंक भी उपलब्ध होगा।

एक बार ऐप डाउनलोड हो जाने के बाद, विद्यार्थी अभ्याय परीक्षाओं के माध्यम से इसका परीक्षण करने का विकल्प प्राप्त करेगा। विद्यार्थियों को इसे नियमित रूप से अपडेट करना होगा और इसके लिए उन्हें ऐप से पुश नोटिफिकेशन की अनुमति देनी होगी ताकि अपडेट की सूचना प्राप्त हो सके।

## सूचनाएं और अभ्यास परीक्षा

विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और परीक्षा को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए नियमित रूप से अभ्यास परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। पंजीकृत विद्यार्थियों को अभ्यास परीक्षाओं की उपलब्धता के संबंध में नियमित सूचनाएं मिलेंगी। निर्दिष्ट तिथि और समय पर, विद्यार्थी परीक्षा ऐप में लॉगिन कर सकते हैं और अभ्यास परीक्षा दे सकते हैं। अभ्यास परीक्षाएं 01 सितंबर, 2025 से शुरू होंगी।

अभ्यास परीक्षा समाप्त होने के बाद, विद्यार्थी परिणाम पृष्ठ पर अपना परिणाम देख सकते हैं। उत्तरों की जांच करने के बाद, यदि कोई समस्या आती है तो विद्यार्थी परीक्षा ऐप के फीडबैक सेक्शन में वीवीएम एडमिन को इसकी रिपोर्ट कर सकते हैं।



# परीक्षा अनुसूची

| विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा : चरण – I | | |
|---|---|---|
| कक्षा | दिन एवं दिनांक | समय |
| VI | 28 अक्तूबर, 2025 एवं/ अथवा 31 अक्तूबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| VII | 28 अक्तूबर, 2025 एवं/ अथवा 31 अक्तूबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| VIII | 29 अक्तूबर, 2025 एवं/ अथवा 01 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| IX | 29 अक्तूबर, 2025 एवं/ अथवा 01 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| X | 30 अक्तूबर, 2025 एवं/ अथवा 02 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| XI | 30 अक्तूबर, 2025 एवं/ अथवा 02 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| **विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा : चरण – II** | | |
| VI, VII, VIII, IX, X, XI | 19 नवंबर, 2025 एवं/ अथवा 23 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (45 मिनट) |

# निर्णायक परीक्षा

परीक्षा की तिथि से तीन दिन पूर्व, विद्यार्थी को SMS एवं ईमेल के माध्यम से नवीनतम ऐप डाउनलोड करने के लिए सूचना भेजी जाएगी। यह डाउनलोड परीक्षा तिथि से कम से कम दो दिन पूर्व कर लेना आवश्यक है। **28 अक्तूबर, 2025** से **02 नवम्बर, 2025** तक आयोजित होने वाली चरण – I की विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए **26 अक्तूबर, 2025** को ऐप डाउनलोड करने हेतु लिंक सक्रिय कर दिया जाएगा।

विद्यार्थी यदि अपने निर्धारित उपकरण (मोबाइल/टैबलेट/लैपटॉप) में अपडेटेड ऐप इंस्टॉल नहीं करते हैं, तो वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे। विद्यार्थी परीक्षा के दिन **प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक** किसी भी समय ऐप में लॉगिन करके परीक्षा दे सकते हैं। परीक्षा के दिन विद्यार्थी **सायं 05:59 बजे** तक ही ऐप में लॉगिन कर सकते हैं।

ऐप में लॉगिन करने के पश्चात निम्नलिखित विवरणों का सत्यापन किया जाएगा:

1) विद्यार्थी का लॉगिन विवरण – उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड
2) विद्यार्थी के लाइव छायाचित्र की तुलना प्रोफ़ाइल में अपलोड छायाचित्र से
3) इंटरनेट की गति – यदि गति न्यूनतम आवश्यकता से कम हो, तो चेतावनी दी जाएगी
4) ऐप ID का सत्यापन – यह सुनिश्चित करने हेतु कि विद्यार्थी ऐप के नवीनतम संस्करण का ही उपयोग कर रहा है
5) सफल सत्यापन के बाद, विद्यार्थी से परीक्षा की भाषा चुनने के लिए तथा उसके उपरांत प्रश्नपत्र (एन्क्रिप्टेड प्रारूप में) डाउनलोड के लिए कहा जाएगा। प्रश्नपत्र डाउनलोड करने का विकल्प ऐप में ही उपलब्ध होगा।

**कोई भी विद्यार्थी प्रातः 10:00 बजे से पूर्व या सायं 06:00 बजे के बाद लॉगिन नहीं कर पाएगा। विद्यार्थी चरण–I/चरण–II की परीक्षा अनुसूची में दिए गए दो में से केवल एक ही दिन लॉगिन कर सकते हैं।**

- विद्यार्थी को परीक्षा ऐप पर “Go to Exam” बटन पर क्लिक करके परीक्षा प्रारंभ करनी होगी।
- पहले पृष्ठ पर निर्देश प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और “I Agree” बटन पर क्लिक करके परीक्षा प्रारंभ करें।

## विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): चरण-I

**परीक्षा में दो खंड होंगे:**

### खंड- ए

- विद्यार्थियों को खंड-ए में 40 प्रश्नों को हल करने के लिए 30 मिनट का समय दिया जाएगा।
- एक समय में केवल एक ही प्रश्न प्रदर्शित होगा।
- विद्यार्थी खंड-ए के अंतिम सबमिशन या 30 मिनट की समयावधि समाप्त होने से पहले उत्तरों की समीक्षा कर सकते हैं। अंतिम सबमिशन या 30 मिनट का समय समाप्त होने पर विद्यार्थियों को स्वचालित रूप से परीक्षा के खंड-बी में ले जाया जाएगा।
- अंतिम सबमिशन या समयावधि समाप्त होने से पहले तक ही विद्यार्थी उत्तरों को “Review” टैब व प्रश्न संख्या पर क्लिक करके संशोधित कर सकते हैं।

### खंड- बी

- खंड-बी में 60 प्रश्नों को हल करने के लिए 60 मिनट का समय दिया जाएगा।
- एक समय में केवल एक प्रश्न ही प्रदर्शित होगा।
- विद्यार्थी खंड-बी के अंतिम सबमिशन या 60 मिनट की समयावधि समाप्त होने से पहले उत्तरों की समीक्षा कर सकते हैं। अंतिम सबमिशन या 60 मिनट का समय समाप्त होने पर विद्यार्थियों को स्वचालित रूप से उत्तर पुस्तिका के अंतिम सबमिशन में ले जाया जाएगा।
- अंतिम सबमिशन या समयावधि समाप्त होने से पहले तक ही विद्यार्थी उत्तरों को “Review” टैब व प्रश्न संख्या पर क्लिक करके संशोधित कर सकते हैं।
- इसके पश्चात विद्यार्थियों को उत्तर पत्रक के अंतिम सबमिशन के लिए अग्रेषित किया जाएगा।

## विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): चरण – II

- चरण–II की परीक्षा की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।
- प्रश्न परिस्थितिजन्य समस्याओं तथा क्षमता-आधारित प्रश्नों पर केंद्रित होंगे।
- इस परीक्षा में 50 बहुवैकल्पिक प्रश्नोत्तर होंगे जिनमें प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सही उत्तर हो सकते हैं।
- प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.5 अंक की दंडात्मक कटौती (ऋणात्मक मूल्यांकन) होगी।

**परीक्षा में दो खंड होंगे:**

### खंड- ए

- विद्यार्थियों को खंड-ए के 15 प्रश्नों के उत्तर देने हेतु 10 मिनट का समय दिया जाएगा।
- एक समय में केवल एक ही प्रश्न प्रदर्शित होगा।
- विद्यार्थी खंड-ए के अंतिम सबमिशन या 10 मिनट की समयावधि समाप्त होने से पहले उत्तरों की समीक्षा कर सकते हैं। अंतिम सबमिशन या 10 मिनट का समय समाप्त होने पर विद्यार्थियों को स्वचालित रूप से परीक्षा के खंड-बी में ले जाया जाएगा।
- अंतिम सबमिशन या समयावधि समाप्त होने से पहले तक ही विद्यार्थी उत्तरों को “Review” टैब व प्रश्न संख्या पर क्लिक करके संशोधित कर सकते हैं।

## खंड- बी

- छात्रों को खंड-बी के 35 प्रश्नों के उत्तर देने हेतु 35 मिनट का समय दिया जाएगा।
- एक समय में केवल एक ही प्रश्न प्रदर्शित होगा।
- विद्यार्थी खंड-बी के अंतिम सबमिशन या 35 मिनट की समयावधि समाप्त होने से पहले उत्तरों की समीक्षा कर सकते हैं। अंतिम सबमिशन या 35 मिनट का समय समाप्त होने पर विद्यार्थियों को स्वाचालित रूप से उत्तर पुस्तिका के अंतिम सबमिशन में ले जाया जाएगा।
- अंतिम सबमिशन या समयावधि समाप्त होने से पहले तक ही विद्यार्थी उत्तरों को “Review” टैब व प्रश्न संख्या पर क्लिक करके संशोधित कर सकते हैं।
- इसके पश्चात विद्यार्थियों को उत्तर पत्रक के अंतिम सबमिशन के लिए अग्रेषित किया जाएगा।

## परीक्षा ऐप की सामान्य विशेषताएं और उत्तर पुस्तिका को जमा करना

- ऐप के शीर्ष एवं निचले पटल पर उत्तरित प्रश्नों की संख्या, पुनरीक्षण हेतु चिह्नित प्रश्न, शेष समय आदि की जानकारी प्रदर्शित होगी।
- यदि विद्यार्थी समय सीमा से पहले परीक्षा पूर्ण कर लेते हैं, तो वे “SUBMIT” बटन पर क्लिक करके अपनी उत्तर पुस्तिका जमा कर सकते हैं।
- उत्तर पुस्तिका जमा करने के बाद विद्यार्थी को एक “Submission Notification” प्राप्त होगा और उसके बाद वह दोबारा परीक्षा नहीं दे पाएगा।
- परीक्षा पूर्ण होने के पश्चात विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका को निम्नलिखित दोनों विकल्पों में से किसी एक अथवा सभी के माध्यम से अपलोड करना होगा: 1. Upload Answer Sheet 2. Send Email (ऑटो-ड्राफ्टेड ईमेल संलग्न होगा, जिसमें विद्यार्थियों को केवल "Send Email" बटन पर क्लिक करना होगा)। यदि नेटवर्क कनेक्शन विफल हो जाए, तो उत्तर पुस्तिका स्थानीय सिस्टम में एन्क्रिप्टेड प्रारूप में अपने आप सेव हो जाएगी। विद्यार्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर उत्तर पुस्तिका अपलोड कर सकते हैं।

# परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग

विद्यालय स्तर की ऑनलाइन परीक्षाओं (चरण-I/चरण-II) में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जाएंगे

- **निरीक्षक/पर्यवेक्षक की उपस्थिति** : परीक्षा के दौरान निरीक्षक/ पर्यवेक्षक विद्यालय में उपस्थित रह कर निरीक्षण करेंगे। निरीक्षक/पर्यवेक्षक एवं निरीक्षण के संबंध में विवरण और दिशानिर्देश परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पहले सांझा किए जाएंगे।
- **ऑनलाइन निगरानी** : परीक्षा की निगरानी ऑनलाइन भी की जाएगी।

विद्यालयों एवं विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे पर्यवेक्षकों के साथ सहयोग करें एवं निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# विवाद, यदि कोई हो

किसी भी विवाद, शिकायत या आरटीआई (सूचना का अधिकार) आवेदन की स्थिति में विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) की मुख्य समिति द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम एवं बाध्यकारी माना जाएगा।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (VVM) 2025 – पंजीकरण विवरण

विद्यार्थी विज्ञान मंथन (VVM) की आधिकारिक वेबसाइट (www.vvm.org.in) पर केवल ऑनलाइन माध्यम से ही पंजीकरण किया जा सकता है।

### पात्रता

कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी (CBSE, ICSE और राज्य बोर्ड के विद्यार्थी)

### उपलब्ध भाषाएँ

अंग्रेज़ी, हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, बंगाली, गुजराती, पंजाबी, उड़िया, मलयालम, असमिया, संस्कृत, उर्दू

नोट: यदि अंग्रेज़ी या हिंदी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में पंजीकृत छात्रों की संख्या 100 से कम है, तो प्रश्नपत्र केवल अंग्रेज़ी या हिंदी भाषा में ही उपलब्ध होगा।

### परीक्षा केंद्र

विद्यालय / घर

### पंजीकरण प्रारंभ

1 जुलाई 2025

### पंजीकरण समाप्त

30 सितंबर 2025

### पंजीकरण शुल्क

₹200/- (रुपये दो सौ मात्र)

### भुगतान का तरीका

केवल ऑनलाइन भुगतान (RTGS/ NEFT/पेमेंट गेटवे)। कैश / डिमांड ड्राफ्ट (DD) चेक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

परीक्षा समन्वयक जो सीधे VVM के खाते में शुल्क जमा कर रहे हैं, उन्हें ट्रांजेक्शन आईडी, दिनांक और समय के साथ जमा पर्ची (.jpeg प्रारूप) में अपलोड करनी होगी।

(यह विकल्प व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध नहीं है)

### बैंक विवरण

खाते का नाम: विद्यार्थी विज्ञान मंथन
वर्तमान खाता संख्या: 007009607017
(यह यूपीआई या मोबाइल नंबर नहीं है।)
IFSC कोड: IDIB000D008
बैंक और शाखा: इंडियन बैंक, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली

**भुगतान के लिए QR कोड स्कैन करें**

ऑफलाइन भुगतान विकल्प में लेन देन विवरण अपलोड करना न भूलें।

# स्मरण रखने योग्य महत्वपूर्ण तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| वीवीएम अध्ययन सामग्री अपलोड | 16 अगस्त 2025 | |
| अभ्यास परीक्षाएं | 01 सितंबर, 2025 से शुरू | |
| परीक्षा अनुसूची (चरण–I) (किसी भी एक दिन लॉगिन करें) | VI | 28 अक्तूबर, 2025 एवं/अथवा 31 अक्तूबर, 2025 |
| | VII | 28 अक्तूबर, 2025 एवं/अथवा 31 अक्तूबर, 2025 |
| | VIII | 29 अक्तूबर, 2025 एवं/अथवा 01 नवंबर, 2025 |
| | IX | 29 अक्तूबर, 2025 एवं/अथवा 01 नवंबर, 2025 |
| | X | 30 अक्तूबर, 2025 एवं/अथवा 02 नवंबर, 2025 |
| | XI | 30 अक्तूबर, 2025 एवं/अथवा 02 नवंबर, 2025 |
| परीक्षा का समय (चरण–I) | प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 तक (90 मिनट) विद्यार्थी दिए गए दो में से केवल एक ही दिन लॉगिन कर सकते हैं। | |
| परिणाम की घोषणा (चरण–I) | 07 नवंबर, 2025 | |
| परीक्षा अनुसूची (चरण–II) (किसी भी एक दिन लॉगिन करें) | VI, VII, VIII, IX, X, XI | 19 नवंबर, 2025 एवं/अथवा 23 नवंबर, 2025 |
| परीक्षा का समय (चरण– II) | प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00 तक (45 मिनट) विद्यार्थी दिए गए दो में से केवल एक ही दिन लॉगिन कर सकते हैं। | |
| परिणाम की घोषणा (चरण– II) | 27 नवंबर, 2025 | |
| एक/दो दिवसीय राज्य शिविर (चरण– III) | 21 व 28 दिसंबर, 2025 एवं 04 जनवरी, 2026 (किसी एक दिन) | |
| दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर (चरण– IV) | शिविर की तिथि एवं स्थल 30 जनवरी, 2026 को घोषित किए जाएंगे | |



# भविष्य की ओर

## कल के नवाचारों के लिए विद्यार्थी अनुसंधान

# मार्गदर्शक और संरक्षक

**डॉ. वी. के. सारस्वत**
सदस्य, नीति आयोग

**प्रो. अभय करंदीकर**
सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार

**प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी**
निदेशक, एनसीईआरटी

**श्री ए. डी. चौधरी**
महानिदेशक, एनसीएसएम

**प्रो. चंद्रभास नारायण**
निदेशक, आरजीसीबी, केरल

**श्री राहुल सिंह**
आईएएस, अध्यक्ष, सीबीएसई

**डॉ. आर. ए. माशेलकर**
एफ.आर.एस., पूर्व महानिदेशक, सीएसआईआर

**प्रो. अनिल काकोडकर**
पूर्व अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार

**डॉ. विजय पी. भटकर**
पूर्व कुलपति,
नालंदा विश्वविद्यालय

**डॉ. एस. सोमनाथ**
पूर्व अध्यक्ष, इसरो

**श्री अरुण पोद्दार**
समूह अध्यक्ष,
बी. पी. पोद्दार ग्रुप

**श्री रविंद्र चमरिया**
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक,
इन्फिनिटी ग्रुप

**श्री प्रभात जैन**
सह-संस्थापक, पाथवेज़ ग्रुप ऑफ स्कूल्स

**श्री आकाश चौधरी**
संस्थापक व ट्रस्टी, प्लक्षा विश्वविद्यालय

**डॉ. शेखर सी. मांडे**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, विज्ञान भारती

**डॉ. शिव कुमार शर्मा**
राष्ट्रीय संगठन सचिव,
विज्ञान भारती

**श्री विवेकानंद पाई**
महासचिव, विज्ञान भारती

# सलाहकार

**सुश्री निधि पांडे**
आयुक्त,
केंद्रीय विद्यालय संगठन

**श्री राजेश लखानी**
आयुक्त,
नवोदय विद्यालय समिति

**डॉ. प्रज्ञा एम. सिंह**
निदेशक (अकादमिक), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**डॉ. विश्वजीत साहा**
निदेशक (टी एंड एसई), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

**श्री गोबिंद चंद्र महंत**
संगठन सचिव, विद्या भारती

**डॉ. अरविंद सी. रानाडे**
निदेशक,
एनआईएफ- भारत

**श्री प्रवीण रामदास**
राष्ट्रीय संयुक्त संगठन सचिव,
विज्ञान भारती

# मुख्य समिति

## राष्ट्रीय संयोजक
**डॉ. प्रशांत कोडगिरे**
इंदौर, मध्य प्रदेश
ई-मेल: drprashant@vvm.org.in

## राष्ट्रीय सह-संयोजक
**डॉ. कैलाश एन. भारद्वाज**
एनसीएसएम, कोलकाता

**डॉ. सुनीता फरक्या**
एनसीईआरटी, नई दिल्ली

## परीक्षा नियंत्रक
**डॉ. बृजेश पांडे**
आईएनएसए, नई दिल्ली
ई-मेल: coe@vvm.org.in

## अकादमिक प्रमुख
**डॉ. नीरू भगत**
पुणे, महाराष्ट्र
ई-मेल: academics@vvm.org.in

## प्रधान संपादक
**डॉ. के. वेंकटरमन**
इंदौर, मध्य प्रदेश
ई-मेल: editoric@vvm.org.in

## राष्ट्रीय समन्वयक (पंजीकरण और प्रचार)
**श्री नरेश चाफेकर**
नागपुर, महाराष्ट्र
ई-मेल: nchafekar@vvm.org.in

## शिक्षा शिल्पी प्रतिनिधि
**डॉ. मयूरी दत्त**
कोलकाता, पश्चिम बंगाल

## सामग्री समन्वयक
**डॉ. विष्णु के. वजे**
मुंबई, महाराष्ट्र

## सृजन - इंटर्नशिप संयोजक
**डॉ. एस. सुधाकर**
करैकुडी, तमिलनाडु

## आईटी टीम लीडर
**श्री नरेश चाफेकर**
नागपुर, महाराष्ट्र

## आईटी टीम सदस्य
**श्री नंदकुमार पालकर**
ठाणे, महाराष्ट्र

**श्री राजेश कुमार उपाध्याय**
पुणे, महाराष्ट्र

**श्री अभिषेक साहू**
नई दिल्ली

## आईटी टीम व तकनीकी सहयोग
**Web Beta Pvt. Ltd.**
नागपुर, महाराष्ट्र
ई-मेल: admin@vvm.org.in

# विद्यार्थी मार्गदर्शन समिति

**डॉ. सेल्वाकुमार सुधाकर**
वैज्ञानिक, सीएसआईआर-सीईसीआरआई, करैकुडी, तमिलनाडु

**डॉ. प्रशांत कोडगिरे**
प्रोफेसर, आईआईटी इंदौर, मध्य प्रदेश

**डॉ. बृजेश पांडे**
कार्यकारी निदेशक, आईएनएसए, दिल्ली

**डॉ. जी. एस. मूर्ति**
प्रोफेसर, आईआईटी इंदौर, मध्य प्रदेश

**डॉ. राजीव एन. किनी**
प्रोफेसर, आईआईएसईआर तिरुवनंतपुरम, केरल

**डॉ. राहुल सिंघल**
प्रोफेसर, शिवाजी कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली

**डॉ. उमेश क्षीरसागर**
सहायक प्रोफेसर, आईआईटी इंदौर, मध्य प्रदेश

**डॉ. नील सरोवर भावेश**
समूह प्रमुख, ट्रांसक्रिप्शनल रेगुलेशन, आईसीजीईबी, दिल्ली

**सुश्री संगीता अभ्यंकर**
शिक्षिका, जीवीएमएस एसएनजेए एचएसएस, गोवा

**डॉ. उमा कुमार**
संस्थापक प्रमुख, रुमेटोलॉजी विभाग, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली

**डॉ. माधवी जोशी**
वैज्ञानिक-डी एवं संयुक्त निदेशक, गुजरात बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर (GBRC), गुजरात

**प्रो. विवेक पोलशेट्टीवार**
प्रोफ़ेसर (एच) एवं नैनोकैटेलिसिस प्रयोगशालाओं के प्रधान अन्वेषक, रासायनिक विज्ञान विभाग (डीसीएस), टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ंडामेंटल रिसर्च

**प्रो. टी. वी. भारत**
प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), गुवाहाटी, असम

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन कार्यालय संपर्क

**श्री राज कुमार**
परियोजना समन्वयक
विज्ञान भारती (मुख्यालय)
नई दिल्ली
फ़ोन: 011-49032436
E-mail: raj@vvm.org.in

**श्री टी वी प्रवीण**
परियोजना सहयोगी
विज्ञान भारती (मुख्यालय)
नई दिल्ली
फ़ोन: 011-49032436
ई-मेल: praveen@vvm.org.in




## पाठ्यपुस्तकों से परे

बेहतर विश्व के लिए
व्यावहारिक विज्ञान


VIDYARTHI VIGYAN MANTHAN

# भविष्य का रूपांतरण
## विज्ञान का अग्रणी युग



## भविष्य के लिए विज्ञान

विज्ञान नवाचार, प्रगति और सतत विकास की प्रेरक शक्ति है। यह अत्याधुनिक तकनीकों, युगांतकारी खोजों और दूरदर्शी विचारों की खोज करता है, जो आने वाले कल की दुनिया को आकार देते हैं। अंतरिक्ष अन्वेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लेकर अक्षय ऊर्जा और जैव प्रौद्योगिकी तक — विज्ञान वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। विज्ञान मानवता को एक अधिक बौद्धिक, स्वस्थ और पर्यावरणीय रूप से संतुलित भविष्य के निर्माण हेतु सशक्त बनाता है। यह जिज्ञासा, अनुसंधान और सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए संभावनाओं को यथार्थ में परिवर्तित करता है। जैसे-जैसे हम विकास की दिशा में आगे बढ़ते हैं, विज्ञान की भूमिका जलवायु परिवर्तन, चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियों तथा ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भविष्य विज्ञान के आधार पर ही निर्मित है।



# आयोजकों के बारे में

## विज्ञान भारती

विज्ञान भारती (विभा) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार हेतु एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और आम जनता में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। विभा प्राचीन से लेकर आधुनिक भारत तक की वैज्ञानिक उपलब्धियों को प्रचारित करता है। वर्तमान में यह भारत का सबसे बड़ा वैज्ञानिक संगठन है, जिसकी राज्य इकाइयों और संस्थागत नेटवर्क की सबसे लंबी श्रृंखला है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) भारत सरकार द्वारा वर्ष 1961 में स्थापित एक संगठन है जिसका उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकारों को स्कूली शिक्षा से संबंधित शैक्षणिक मामलों में सहायता तथा सलाह देना है। एनसीईआरटी एवं इसकी घटक इकाइयों के प्रमुख उद्देश्य हैं: स्कूली शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करना, उसे बढ़ावा देना तथा उसका समन्वय करना; आदर्श पाठ्यपुस्तकें, पूरक सामग्री, समाचार पत्र, पत्रिकाएं तैयार करना एवं प्रकाशित करना, शैक्षिक किट एवं मल्टीमीडिया डिजिटल सामग्री आदि विकसित करना।

## राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है, जिसकी स्थापना 4 अप्रैल, 1978 को हुई थी। आज, यह पूरे भारत में फैले 26 विज्ञान केंद्रों/संग्रहालयों का प्रबंधन करता है। साइंस सिटी, कोलकाता; बिड़ला औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (बीआईटीएम), कोलकाता; नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई; विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय (वीआईटीएम), बैंगलोर; राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, दिल्ली तथा राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, गुवाहाटी एनसीएसएम के राष्ट्रीय स्तर के केंद्र हैं। एनसीएसएम का मुख्य उद्देश्य जन-जन तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास का प्रचार-प्रसार के साथ-साथ विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा उद्योग के विकास में मील के पत्थर साबित होने वाली महत्वपूर्ण ऐतिहासिक वस्तुओं का संग्रह, जीर्णोद्धार एवं संरक्षण करना है।

NATIONAL COUNCIL OF SCIENCE MUSEUMS
MINISTRY OF CULTURE, GOVERNMENT OF INDIA



# वीवीएम क्यों ?

VVM प्रतिभागियों को निम्नलिखित अद्वितीय अवसर प्रदान करता है:

- अनुभवात्मक शिक्षा और गतिविधियों के माध्यम से सीखना
- भारत के वैज्ञानिक योगदानों की समृद्ध धरोहर का परिचय
- भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से राष्ट्रीय गर्व को प्रोत्साहन
- प्रतिभागी साथियों द्वारा मूल्यांकन और समीक्षा
- समग्र 360-डिग्री मूल्यांकन प्रणाली
- देशभर से प्रतिभाशाली साथियों से मिलना और उनसे सीखना
- प्रसिद्ध वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों से मार्गदर्शन
- राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं (ISRO, CSIR, DRDO, IITs, IISERs, NITs आदि) का भ्रमण
- विज्ञान में व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व कौशल
- बच्चे का समग्र विकास
- करियर विकास हेतु व्यक्तिगत क्षमताओं की पहचान
- समाज की सेवा की भावना का विकास

विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) विज्ञान भारती (विभा) की एक पहल है, जिसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), जो शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक संस्था है, और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), जो संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, के सहयोग से संचालित किया जाता है।


वीवीएम सचिवालय
विज्ञान भारती (VIBHA),
D-12, साउथ एक्सटेंशन-I,
नई दिल्ली - 110049

लैंडलाइन नंबर: **011-49032436**

व्हाट्सएप: **9899615277**

ई-मेल आईडी: **office@vvm.org.in**

**बेवसाइट: https://vvm.org.in**